
## मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला प्रारंभ, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुगण

# भक्तों ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

मैहर।

यहां पर त्रिकूट पर्वत पर विराजी माता शारदा के दरबार में मंगलवार से 9 दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेला शुरू हो गया। नवसंवत्सर 2081 के श्री गणेश के साथ शुरू हुए इस धार्मिक मेले में विद्या व बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी माता शारदा के दर्शन के लिए देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैहर पहुंचे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव माता ने भी मैहर पहुंचकर मां शारदा के दर्शन करके विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। उनके साथ डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला,मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे।







### देर रात से ही भक्तों की लग गई थी कतार

इंतजामों के बीच मैहर वाली माता के दरबार में सजे मेले में शामिल होने सोमवार से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। माता रानी की ड्योढ़ी पर मत्था टेक कर हाजिरी लगाने रात से ही भक्तों की लंबी लाइनें लग गई थीं। पट खुलते ही पूरा परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। तड़के 3 बजे प्रधान पुजारी पवन महाराज ने मातेश्वरी की आरती उतारी और फिर दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। अनुमान है कि नवरात्रि के 9 दिनों में लगभग 10 लाख भक्त मातारानी के दर्शन करने मैहर पहुंचेंगे।

### निगरानी के लिए 200 सीसी टीवी कैमरे

मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहे 200 सीसीटीवी कैमरे विश्राम स्थल,शेड और पीने के पानी के इंतजाम के साथ ही मेडिकल टीमें,वॉलेंटियर्स भी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के लिए 200 सीसीटीवी कैमरे और 800 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती की गई है। खोया पाया केंद्र स्थापित किया गया है और बुजुर्गों-दिव्यांगों की मदद के लिए स्वयंसेवक भी लगाए गए हैं। उधर,रेलवे ने भी 15 जोड़ी अतिरिक्त ट्रेनों समेत 112 ट्रेनों का स्टॉपेज मैहर में तय किया है। मैहर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने तमाम इंतजाम किए हैं। मेला क्षेत्र को अलग-अलग जोनों में विभाजित कर व्यवस्था और निगरानी की जिम्मेदारी अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपी गई है। मैहर कलेक्टर रानी बाटड द्वारा दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से एक दिन पहले से शहर में भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। आवागमन के लिए ई-रिक्शे चलवाए गए है,जबकि रोपवे की सुविधा के अलावा मंदिर समिति की वैन भी चलवाई गई है।

### माता की भक्ति में डूबे लोग

मंगलवार को चैत्र नवरात्रि की बैठकी के साथ शहर सहित समूचे जिले के देवी मंदिरों में मां दुर्गाकी आराधना प्रारंभ हो गई। मंगलवार तड़के से सभी देवी मंदिरों में दर्शनार्थी महिलाओं-पुरुषों की लंबी कतारें लगी देखी गयीं। महिलाओं एवं युवतियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा पर जल अर्पित करने के साथ श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजन किया गया। आज से नौ दिन तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का भक्तों द्वारा पूजन-पाठ किया जायेगा। इस तारतम्य में शहर में कुछ स्थानों पर घट स्थापना के साथ देवी प्रतिमा रखी गयी हैं,साथ ही देवी मंदिरों एवं पंडालों में जवा बोये गये हैं,जिनका नवरात्रि के अंतिम दिन विसर्जन किया जायेगा।चैत्र नवरात्रि के उप लक्ष्य में मंदिरों में देवी गीत,मंत्र जाप,भगत,रात्रि जागरण आदि अनुष्ठान किये जाने की तैयारी चल रही है।

## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षकों की सेवायें निर्वाचन कार्य में नहीं लगाने के निर्देश

**सतना।** संचालक लोक शिक्षण ने समस्त कलेक्टरों को कहा है कि अतिथि शिक्षकों की सेवायें निर्वाचन कार्य में नहीं ली जाये। अतिथि शिक्षकों की सेवायें स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक मान्य की गई है। इसके पश्चात अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान करने का प्रावधान नहीं है। निर्वाचन कार्य में अतिथि शिक्षकों को यथासंभव न लगाया जाये तथा यदि अपरिहार्य कारणों से ऐसा किया जाना आवश्यक हो तो उनकी ड्यूटी 30 अप्रैल 2024 तक ही निर्वाचन कार्य में लगायी जाये।

### 67वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह कल

**सतना।** जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित ने बताया कि 67वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का उद्घाटन समारोह 11 अप्रैल को अपरान्ह 4:30 बजे एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल करही सतना में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर अनुराग वर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना उपस्थित रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि समारोह में 11, 14, 17, 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं द्वारा रोलर स्केटिंग का प्रदर्शन किया जायेगा।

### दिव्यांगजन मोटराईज्ड रैली 12 अप्रैल को

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में समावेशी, सुगम, विश्वसनीय एवं नैतिक मतदान कराने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरुक करने 12 अप्रैल को प्रातः 7:30 बजे से दिव्यांगजनों की मोटराईज्ड ट्राइसिकिल रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली सिविल लाइन चैपाटी से शुरु होकर जवाहर नगर स्टेडियम पर समाप्त होगी।

### माई नदी को पुर्नजीवित करने बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कटनी शहर की माई नदी में जलस्तर बढ़ाने सुदृढ़ीकरण एवं नदी को पुर्नजीवित करने के लिए मंगलवार 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से पुरानी कचहरी स्थित एस.डी.एम कार्यालय कटनी में बैठक का आयोजन किया गया है। ए.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि बैठक में शहर की पवित्र माई नदी में जलस्तर बढानें और पुर्नजीवित करने के संबंध में शहर के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं के विचार और सुझाव आमंत्रित किये गऐ है। साथ ही सामाजिक संस्थाओं से बैइक मे उपस्थिति रहने का आग्रह किया गया हैं। बैठक मे जय भारतीय शिक्षा केन्द्र के सचिव एवं नदी पुर्नजीवन विशेषज्ञ भारत नामदेव द्वारा नदी पुर्नजीवन के संबंध में कार्यअनुभव प्रस्तुत किया जायेगा।

## कांग्रेस के राजा राम त्रिपाठी ने पार्टी छोड़ी भाजपा, दामन थामा

**बोले-कांग्रेस में उपेक्षित किया गया आत्म सम्मान को लगी ठेस,मोदी जी के साथ देश और सतना के विकास में करूंगा योगदान**




सतना।

लंबे समय तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में सक्रिय रूप से काम करने वाले पूर्व महापौर राजा राम त्रिपाठी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। रीवा रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि जब मैं चुनाव लड़ा था और जिन लोगों ने मेरे चुनाव में काम नहीं किया था। विरोध किया था,उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए मैंने पार्टी में लिख कर दिया था। लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसकी वजह से उनका मनोबल बढ़ता गया। ऐसी स्थिति में मेरे आत्मसम्मान को ठेस लगी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज की प्रशंसा करते हुए राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश के विकास और समृद्धि में लगे हुए हैं। हमने भी अपना कर्तव्य समझा कि भाजपा में शामिल होकर देश और सतना के विकास में सहयोग करें। आपको बता दें कि लगभग 78 साल के राजा राम त्रिपाठी कांग्रेस में प्रदेश कार्य समिति की उपाध्यक्ष थे। पार्षद का चुनाव भी लड़ा था। और महापौर बने थे। वह नागौद और सतना से विधानसभा का तथा सतना लोकसभा का चुनाव भी कांग्रेस पार्टी की टिकट पर लड़ चुके हैं।

### मैंने बात की थी तब उन्होंने कुछ नहीं बताया: मकसूद

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि मेरी उनसे सुबह बात हुई थी। उन्होंने कहा था मैं निकल गया हूं।लौटकर मुलाकात करूंगा। उन्होंने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं थी लेकिन सुगबुगाहट जरूर थी।उन्होंने कांग्रेस क्यों छोड़ी यह पता नहीं है।श्री अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उनके मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा था।





## रामनगर के मतदान केंद्रों का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

सतना।

लोकसभा निर्वाचन के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार ने मंगलवार को मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र के सुदूर मतदान केंद्रों और सीमावर्ती नाकों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक डॉ कुमार ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान पोलिंग बूथ की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्रों के लिये निर्धारित की गई व्यवस्थाओं और मतदाता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता समय रहते सुनिश्चित कर लें। साथ ही आदर्श आचार संहिता का पालन करायें और किसी भी स्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन नहीं होना चाहिये। इसके आवश्यक प्रयास करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी सूचनाओं को साझा करने कोआर्डिनेशन बनाकर रखें। इस अवसर पर एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह,सीईओ जनपद एमएल प्रजापति,लायजनिंग आत्मप्रकाश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। प्रेक्षक डॉ कुमार ने रामनगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सीमावर्ती नाकों का भी निरीक्षण कर गतिविधियों का जायजा लिया।

## एन्फोर्समेंट एजेंसीज द्वारा 1 करोड़ 53 लाख से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त

**नगद राशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ अमूल्य धातु की हुई जब्ती**

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 16 मार्च से 8 अप्रैल तक सतना और मैहर जिले में स्थापित चेक पोस्ट और पुलिस की रेगुलर कार्यवाही में 1 करोड़ 53 लाख 65 हजार 706 रूपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई है। एन्फोर्समेंट एजेंसियों की कार्यवाही में 1 करोड़ 17 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं अन्य तकनीक सामान,20 लाख 83 हजार 926 रुपये मूल्य की 26.717 किलोग्राम चांदी,12 लाख 84 हजार 220 रुपये मूल्य की 12410 लीटर मदिरा एवं 33 हजार रुपये की बिना बिलिंग की खाद्य सामग्री जब्त की गई है। नकदी के प्रकरणों में अब तक 67 लाख 23 हजार 996 रुपये की जब्ती की गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के लिए एन्फोर्समेंट एजेंसियों के द्वारा चेक पोस्ट पर अवैध सामग्री,मदिरा,बहुमूल्य धातुओं,अवैध धनराशि एवं अन्य संदिग्ध वस्तुओं के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी लगातार वाहनों का निरीक्षण कर रहे हैं। समस्त एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा कार्यवाही की डेली रिपोर्ट व्यय लेखा प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराई जा रही है।

## चुनाव प्रक्रिया पर माईक्रो आब्जर्वर रखेंगे पैनी नजर

### माइक्रो आब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण टाउन हॉल में सम्पन्न

सतना।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी चुनाव प्रकिया को साफ-सुथरी पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की मंशा तथा निगरानी के इंतजाम और मजबूत करने के उद्देश्य से लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान सतना संसदीय क्षेत्र की सात विधानसभा क्षेत्रों के कुछ संवदेनशील मतदान केन्द्रो मे लघु चुनाव प्रेक्षक (माईक्रो आब्जर्वर) भी तैनात किये गये है। यह लघु प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के सीधे नियंत्रण और निगरानी में काम करेगें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सातों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रो के लिये नियुक्त होने वाले 331 माइक्रो ऑब्जर्वर को मंगलवार को सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े और माईक्रो आब्जर्वर की नोडल अधिकारी जिला पंजीयक डॉ कीर्ति सिंह की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ बीके गुप्ता ने उनके दायित्वो और कार्यो का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान दलों के एक भाग के रूप में निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण कार्य को संपादित करेगें। प्रशिक्षण में माईक्रो आब्जर्वर अपने कार्यो एवं गतिविधियों का विस्तृत प्रशिक्षण हासिल कर दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होने कहा कि चुनाव की प्रकिया में सारे निर्देश और कार्यवाहियां लिखित स्वरूप में है। माइक्रो आब्जर्वर बिना किसी मतदान दलों की कार्यवाही में दखल दिये सुपरविजन का कार्य करेंगे और विधि और सम्यक रुप से हो रही मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर्स को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी से पूरी तरह दक्ष होना आवश्यक है। ताकि वे आवश्यक पड़ने पर मार्गदर्शन और सहयोग भी कर सकेंगे। उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र में होने वाली विशेष गतिविधियो एवं भेजी जाने वाली संक्षिप्त जानकारी सीधे प्रेक्षक को भेजेगें। प्रशिक्षण मे जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ.बीके गुप्ता ने माईक्रो आब्जर्वर्स को उनके दायित्व एवं कार्यविधियां मतदान प्रक्रिया के बारे मे विस्तृत प्रशिक्षण दिया। माईक्रो आब्जर्वर्स को चुनाव प्रकिया के विभिन्न भाग ईव्हीएम का ऑपरेशन माईक्रो आब्जर्वर्स के लिये आयोग की गाईडलाईन और सामान्य प्रेक्षक को भेजी जाने वाली सूचनाओ के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। माइक्रो आब्जर्वर्स का द्वितीय प्रशिक्षण सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में आगामी समय में दिया जायेगा।





## मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।

सतना।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ,टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा। टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं।इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। इसमें जनमत सर्वेक्षण और मानक बहस,विश्लेषण,दृश्य और ध्वनि-बाइट्स का प्रदर्शन शामिल होगा। इसमें टीवी,केबल नेटवर्क,रेडियो,सिनेमा हॉल में किसी भी चुनावी मामले पर राजनीतिक विज्ञापन, किसी भी मतदान में थोक एसएमएस/वॉयस संदेशों,ऑडियो विजुअल डिस्प्ले का उपयोग आदि भी शामिल है। आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिये आयोग के पूर्व आदेशानुसार राज्य/जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एनबीएसए द्वारा 3 मार्च, 2014 को जारी "चुनावी प्रसारण के लिए दिशा-निर्देश" की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने आम चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्लेटफार्मों के स्वतंत्र,निष्पक्ष और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी भाग लेने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक "स्वैच्छिक आचार संहिता"भी विकसित की है। सभी चुनावों के दौरान इस "स्वैच्छिक आचार संहिता" का पालन किया जाना चाहिए।यह संहिता वर्तमान लोकसभा चुनावों में भी लागू है।इस संबंध में आयोग द्वारा सभी संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का 20 मार्च,2019 की "स्वैच्छिक आचार संहिता" की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के दिन से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, बशर्ते कि राजनीतिक विज्ञापनों की सामग्री पूर्व-प्रमाणित हो। उनके द्वारा राज्य/जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति से अनुमोदन लेना होगा। आवेदकों को ऐसे विज्ञापनों के प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले राज्य/जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी को आवेदन करना होगा।आयोग द्वारा यह भी कहा गया है कि पाठकों को गुमराह करने के लिए समाचार सुर्खियों के रूप में राजनीतिक विज्ञापन विशेष रूप से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। किसी पार्टी विशेष की जीत की भविष्यवाणी करने वाले विज्ञापनों पर स्पष्ट प्रतिबंध रहेगा और चुनाव परिणामों से संबंधित किसी भी प्रकार की अटकलों से संबंधित मैटर से भी बचना चाहिए। प्रेस काउंसिल के पत्रकारों का आचरण के मानदंडों के भाग (ए) पैरा 2 (गपप) पर भी विशेष ध्यान आकर्षित किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि "एक संपादक समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों सहित अन्य सभी मामलों के लिए जिम्मेदार होगा।

**आम सूचना**

अनोद जायसवाल का स्वर्गवास दिनांक 06.06.2020 को हो गया है। उनकी पत्नी श्रीमती अनीता जायसवाल द्वारा RTO कार्यालय में वाहन क्रमांक MP19MC 5828 का पंजीयन निरस्त करने के लिये आवेदन सम्मिलित किया गया है। अतः किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें।

## खबर संक्षेप



### गुनौर में शांति समिति की बैठक संपन्न?

**गुनौर।** थाना गुनौर परिसर में शांति समिति की बैठक के आयोजक थाना प्रभारी सुशील अहिरवार की मार्गदर्शन पर प्रतिष्ठित नगर वासियों के बैठक पर बुलाया गया उसकी पश्चात नगर में शांति बनाए रखने पर एवं नवरात्रि के पावन पर्व पर तथा मुस्लिम सामुदायिक के त्योहारों को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई जिसमें उपस्थित नगर के गढ़ मन नागरिक उपस्थित रहे एवं गुनौर की पत्रकारों की बीच बैठक संपन्न की गई?

### अमानगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी एवं एसडीओपी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**पन्ना।** पन्ना पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा के निर्देशानुशार में आगामी त्योहार को थाना अमानगंज में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें आगामी त्योहार को समस्त धर्मों से आए हुए लोगों से त्योहारों से संबंधित जानकारी ली गई। शान्ति समिति बैठक में मुख्य रूप से गुन्नौर एसडीओपी, नगर परिषद सीएमओ अध्यक्ष श्रीमति सारिका खटीक तहसीलदार अमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया सहित समस्त नगर वासी मोजूद रहे।

### आईटी संबंधी कार्यों के संपादन के लिए लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आईटी संबंधी कार्यों के संपादन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें ई-गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी, सीनियर डाटा मैनेजर मृदुल श्रीवास्तव, प्रोग्रामर पीयूष रंजन श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी और डाटा एंट्री ऑपरेटर शैलेन्द्र श्रीवास्तव शामिल हैं। तकनीकी कार्य के लिए नियुक्त कर्मचारियों को मतगणना परिणाम की घोषणा एवं आईटी संबंधी सभी कार्यों के पूर्ण होने तक निरंतर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा सौंपे गए कार्यों को संपादित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### कम्युनिकेशन टीम के सदस्यों का प्रशिक्षण 10 अप्रैल को

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल सामग्री सहित मतदान केन्द्रों के लिए 25 अप्रैल को रवाना होंगे। इस दौरान दलों के रवानगी सहित मतदान केन्द्र पर पहुंचने, मतदान दिवस को मॉकपोल के प्रारंभ से लेकर प्रत्येक दो घण्टे में मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने, मतदान समाप्ति के बाद क्लोज बटन दबाने और मशीन तथा सामग्री शील्ड होकर सामग्री जमा स्थल के लिए प्रस्थान करने तक की जानकारी प्राप्त करने के लिए कम्युनिकेशन टीम का गठन किया गया है। कलेक्टर कार्यालय (रिटर्निंग अधिकारी 08-खजुराहो) में गठित टीम के लिए लोकसेवकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इन्हें पृथक से मतदान केन्द्रों का आवंटन भी किया जाएगा। रिजर्व दल सहित टीम में 130 महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई है। टीम के सदस्यों का प्रशिक्षण 10 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से निर्धारित किया गया है। शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। टीम के सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने और मतदान के एक दिवस पूर्व 25 अप्रैल से 26 अप्रैल तक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### सामान्य प्रेक्षक से मिलने का समय निर्धारित

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक नगिक्य गोहेन से आमजन सर्किट हाउस पन्ना के कक्ष क्रमांक 1 में शाम 3 से 5 बजे तक भेंट कर सकते हैं। प्रेक्षक के मोबाइल नंबर 9238616737 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

---

### पन्ना शहर में हुई आधा दर्जन चोरियों का किया गया खुलासा

# अन्तर्राज्यीय शातिर चोर गिरोह के 3 सक्रिय सदस्यों को किया गिरफ्तार

**पन्ना।** आरोपियो के कब्जे से मामलो मे चोरी गये सोने-चांदी के जेवरात जिसमे 90 ग्राम सोने व 600 ग्राम चांदी के आभूषमण कीमती करीब 6 लाख 80 हजार रूपये , 01 लाख 01 हजार रुपये नगद ,घटना मे प्रयुक्त एक आई-10 कार कीमती करीब 05 लाख, एक होन्डा एम एच कार कीमती करीब 04 लाख रुपये सहित कुल मशरूका 16 लाख 81 हजार रुपये का किया गया जप्त। फरियादी लालता प्रसाद पिता स्व. रतन लाला पटेल द्वारा थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट की गई कि 09-10 /03/ 24 की दरम्यानी रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा घर का ताला तोड़ कर अलमारी मे रखे सोने चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गये है , फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना मे चोरी का अपराध क्रमांक 305/24 धारा 457,380 भा.द.वि. का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त मामले सहित विगत समय से कस्बा पन्ना मे हो रही चोरियों को ध्यान मे रखते हुये आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा एवं सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया, उक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी का




खुलासा करने हेतु शहर एवं शहर से बाहर लगे लगभग 250 सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला गया। साथ ही मुखबिर मामूर किए गए। सीसीटीव्ही कैमरों को बारीकी से देखने पर पाया की एक संदेहस्पद न्च95ज्7921 आई-10 कार दिखाई दी, जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल की मदद लेते हुये जानकारी एकत्रित की गई। इसी तारतम्य में दिनांक 08/04/2024 को थाना प्रभारी प्रभारी कोतवाली नरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखविर द्वारा उक्त न्च95ज्7921आई-10 कार के छतरपुर मे होने की सूचना प्राप्त हुई ,सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम छतरपुर रवाना हुई जहां से मुखबिर सूचना एवं सायबर सेल की मदद से पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर कार सहित कार मे सवार 02 संदेहियो को




पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया ,मामले मे संदेहियो से पूछतांछ किये जाने पर चोरी की घटना किया जाना स्वीकार किया गया साथ हि घटना मे एक अन्य आरोपी के शामिल होने की जानकारी दी गई जिसपर उक्त आरोपी को जिला महोबा उ.प्र. से गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम द्वारा आई-10 कार,होन्डा एम एच कार एवं संदेहियो की सघन तलाशी ली गई, जिसमे आरोपियो के पास से घटना मे प्रयुक्त 01 लोहे की सब्बल ,प्रेशर कटर,चोरी गये सोने चांदी के आभूषण एवं नगद रुपये जप्त किये गये ।

### पुलिस ने की जप्त सामग्री

सोने-चांदी के जेवरात जिसमे 90 ग्राम सोने व 600 ग्राम चांदी के आभूषमण कीमती करीब 6 लाख 80 हजार रूपये, 01 लाख एक हजार रूपये नगद, घटना प्रयुक्त एक न्च95ज्7921आई-10 कार कीमती करीब 05 लाख, एक न्च12।थ्3580 होन्डा एम एच कार कीमती करीब 04 लाख रुपये, 01 लोहे की सब्बल ,प्रेशर कटर कुल मशरूका 16 लाख 81 हजार रूपये का किया गया जप्त।

### ये है मुख्य आरोपी-

सादर अली पिता मौसम अली उम्र 22 साल निवासी समद नगर थाना कोतवाली महोबा (उ.प्र.), बल्लू चोरसिया पिता परमलाल चौरसिया उम्र 31 साल निवासी महकवाना पुरा मोहल्ला थाना कोतवाली महोबा (उ.प्र.), राजेश शुक्ला पिता नन्द कुशोर शुक्ला उम्र 35 साल निवासी वार्ड क्र. 05 महोबा रोड कोतवाली छतरपुर (म.प्र.)




### आपराधिक खुलासा -

आरोपियो द्वारा पन्ना शहर मे सुने घरो मे ताला तोड़कर हुई 06 चोरी की घटना घटित किया जाना स्वीकार किया गया जिनमे थाना कोतवाली के - अप. क्र. 505/23 धारा 454,380 भा.द.वि. जिसमे फरियादी वशिष्ठ पाण्डेय के द्वारा रिपोर्ट की गई थी ।, अप. क्र. 817/23 धारा 457,380 भा.द.वि. जिसमे फरियादी रिपुदमन सिंह राठौर के द्वारा रिपोर्ट की गई थी, अप. क्र. 220/24 धारा 454,380 भा.द.वि. जिसमे फरियादी बिज्जु आदिवासी के द्वारा रिपोर्ट की गई थी, अप. क्र. 241/24 धारा 457,380 भा.द.वि. जिसमे फरियादी संतोष शर्मा के द्वारा रिपोर्ट की गई थी, अप. क्र. 284/24 धारा 457,380 भा.द.वि. जिसमे फरियादी सुनील तिवारी के द्वारा रिपोर्ट की गई थी, अप. क्र. 305/24 धारा 457,380 भा.द.वि. जिसमे फरियादी लालता प्रसाद पटेल के द्वारा रिपोर्ट की गई थी।

### तरीका-ए-वारदात -

आरोपियों द्वारा घटना दिनाँक से 05-06 दिन पूर्व रैकी करते है जसमे एसे घरो की चिन्हित कया जाता है जो की सुने है/ताला लगा है ,इसके बाद घटना कारित है। घरो मे लगे ताला को तोड़कर चोरी करने उपरांत नया ताला लगाकर घटना को अंजाम देना जैसे घटना सामने आती है।

### सराहनीय योगदान -

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा ,सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत,उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय ,सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, शिसिर मण्डल, सायबर सेल से प्र.आर. नीरज रैकवार ,राहुल सिंह बघेल, आर, आशीष अवस्थी,धर्मेन्द्र सिंह राजावात,राहुल पाण्डेय,थाना कोतवाली से प्र.आर. बृषकेतु रावत,सतेन्द्र बागरी ,शिवस्वरूप तिवारी ,सर्वेन्द्र,मनीष कश्यप,रवि खरे आर. अभिषेक यादव,सत्यम अग्निहोत्री, कुलदीप शुक्ला,संदीप पटेल योगेन्द्र प्रताप सिंह ,गौरव तिवारी का सराहनीय योगदान रहा। उक्त पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा 30 हजार रूपये के नगद इनाम से पुरष्कृत किये जाने की घोषणा की गई।

---

## रामनवमीं हनुमान जयंती ईद पर्व को लेकर थाना परिसर पवई में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

**पवई।** आगामी चौत्र नवरात्रि पर्व, रामनवमी, हनुमान जयंती का चल जुलुस का पथ मार्ग,महावीर जयंती एवं ईद पर्व को लेकर थाना परिसर पवई में मंगलवार शाम एसडीएम श्रुति अग्रवाल एवं एसडीओपी सौरभ रत्नाकर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से आचार संहिता का पालन करते हुए मनाने साथ ही त्योहारों को कैसे बेहतर ढंग से मनाए,क्या कैसी व्यवस्थाएं शासन प्रशासन की तरफ से की जाए इसके लिए भी सुझाव लिए गए द्य साथ ही



त्योहार के समय सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था साफ सफाई, सुरक्षा आदि को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को भी दिशा निर्देश दिए गए द्यइस अवसर पर तहसीलदार प्रीतिपंथी, नायब तहसीलदार राजेंद्र श्रीवास्तव,डॉ ओम हरि शर्मा, बीएमओ डॉ. ओम हरि शर्मा, सीएमओ तब्बसुम खान, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी सहित नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार गण व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है माँ कलेही

**नवरात्रि प्रारंभ होते ही मा के दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़**

**पवई।** मध्यप्रदेश सहित उत्तर भारत में चौत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो गया है। देश भर के शक्ति मंदिरों में मंगलवार सुबह से ही भक्तों का भीड़ उमड़ने लगी है। संपूर्ण बुंदेलखंड में प्रसिद्ध पन्ना जिले के पवई नगर से एक किलोमीटर दूर पतने नदी के किनारे विराजमान मां कलेही सभी की आस्था का केंद्र है। चौत्र नवरात्रि हो या फिर शारदिय नवरात्रि पर लाखों की संख्या में भक्तगण मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। पूरे नौ दिन मन्दिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। पंचमी एवं अष्टमी को विशाल महाआरती होती है। साथ ही 15 दिवसीय मेला भी लगता है। साथ ही नवमी व दसवीं को अस्सी ग्रामों से जवारे भी आते है और पतने नदी में विसर्जित किये जाते है।



## घरेलू नौकर, किरायेदारों का पुलिस सत्यापन कर जिले के होटल, ढाबों एवं लॉज का किया गया औचक निरीक्षण

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस. थोटा द्वारा आदर्श आचार संहिता को द्रष्टिगत रखते हुये जिले मे आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने एवं शांतिपूर्ण वातावरण हेतु पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियो को एक विशेष अभियान चलाकर अपने अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत घरेलु नौकरों ,किराये दारों का सत्यापन करने एवं थाना क्षेत्रो मे आने वाले होटल,ढाबो व लांज की चौकिंग कर सी-फार्म के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन मे जिले के समस्त थाना प्रभारियो व उनकी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 07.04.24 को अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत घरेलु नौकरो एवं किरायेदारो का सत्यापन कर मकान मालिको को समझाइस दी गई की मकान किराये पर देते समय पूर्ण सावधानी बरते ,किरायेदार का पुलिस वैरिफिकेशन आवश्य करवाये एवं किरायेदार की संदिग्ध गतिविधि होने पर उसकी सूचना पुलिस को देवें , साथ ही होटलो ,ढाबो व लांज की चौकिंग की कार्यवाही कर आगंतुक रजिस्टर चौक कर होटल मालिको को हिदायत दी गई की उनके यहां ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्तियो का संपूर्ण रिकॉर्ड रखे यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति ठहरा हुआ है तो उसकी जानकारी पुलिस को दे एवं उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियो का भी पुलिस वेरिफिकेशन करवाये,उक्त कार्यवाही मे पुलिस टीम द्वारा 109 घरेलु नौकरो को चौक कर 94 का सत्यापन किया गया,335 किरायेदारो को चौक कर 252 किरायेदारो का सत्यापन किया गया साथ हि 59 होटल,15 ढाबो की चौकिंग कर 72 सी-फार्म चौक किये जाने की कार्यवाही की गई।

## मुख्यमंत्री द्वारा पटवारी संवर्ग के प्रति की गई आधारहिन टिप्पणियों के संबंध में पटवारियों ने जतारा विरोध, भारत निर्वाचन आयोग से की शिकायत

**पन्ना।** पटवारी संवर्ग मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 104 के तहत सृजित पद के जिसे शासन द्वारा समय समय पर नियम बना कर प्रदेश में भूमि रिकॉर्ड रखरखाव एवं संशोधन संबंधित कर्तव्य सौंपे जाते हैं । इसी क्रम में राज्य शासन के निर्देश अनुसार किसी भी रजिस्ट्री की सूचना रजिस्टर से सीधे संबंधित तहसीलदार कार्यालय में प्राप्त होती है। जिसके बाद आवश्यक जांच बाद संबंधित पीठासीन अधिकारी नामांतरण के लिखित आदेश द्वारा ग्राम पटवारी को राजस्व अभिलेखों में उक्त अनुसार संशोधन हेतु आदेशित करता है। आवेदन दर्ज करने से लेकर आदेश पारित होने तक समस्त कार्य तहसील न्यायालय से होता है। पटवारी के द्वारा सिर्फ प्रतिवेदन पीठासीन अधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। इससे साफ जाहिर है कि रजिस्ट्री नामांतरण में पटवारी के अधिकार केवल जांच प्रतिवेदन देने एवं आदेश अमन करने तक सीमित है। चुकी यह पूरी प्रक्रिया राज्य शासन द्वारा विधिवत नियम बनाकर की गई है लेकिन सबसे बडे खेद एवं दुख की बात ये है कि उसी राज्य शासन के वर्तमान मुखिया मुख्यमंत्री विभिन्न मंत्री से सिर्फ पटवारियों को नामांतरण करने में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते है जो कि अन्याय पूर्ण है। हमारे प्रदेश के मुखिया को राज्य शासन द्वारा निर्मित प्रावधानों का ज्ञान नहीं है ? पटवारी संवर्ग मानता है कि मुख्यमंत्री शासन के द्वारा बनाए प्रक्रिया से अवगत होने के उपरांत भी पटवारी संवर्ग पर तथ्यहीन दोषारोपन किया है जिससे पूरे संवर्ग में असंतोष है। साथ ही किसी भी राज्य सरकार के कर्मचारी को शासन के बनाए नियमों के अनुसार ही कार्य करना होता है उसी राज्य सरकार के मुखिया द्वारा इस प्रकार सार्वजनिक मंच से अपमानित करना राज्य सरकार एवं कर्मचारियों के आपसी समन्वय के लिये नुकसानदायक है। जिसका पूरा पटवारी संवर्ग अपनी आपत्ति दर्ज करते हुए एक स्वर में विरोध करता है। मुख्यमंत्री की साइबर तहसील की घोषणा का पटवारी संवर्ग हृदय से स्वागत करता है एवं मांग करता है कि साइबर तहसील में संपूर्ण रकबे क्षेत्रफल के नामांतरण के प्रावधान में संशोधन कर पैका रकबा क्षेत्रफल के नामांतरण की सुविधा भी शामिल किया जाए जिससे सभी को सायबर तहसील से नामांतरण की सुविधा का लाभ मिले। आपके माध्यम से सभी पटवारी संवर्ग की मुख्यमंत्री से यही अपील है कि धरातल पर कार्य करने वाले एक मेहनती संवर्ग पर आधारहीना तथ्यहीन दोषारोपन नहीं करें।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 में 14 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र खजुराहो के लिये घोषित किये गये कार्यक्रमानुसार चुनाव मैदान में शेष रहे अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा क्षेत्र खजुराहो सुरेश कुमार ने चुनाव चिन्ह आवंटित किये। इनमें बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कमलेश कुमार को हाथी, भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदत्त शर्मा को कमल, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के मोहम्मद इमरान को फूलगोभी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के कपिल गुप्ता भारतीय को केतली, राष्ट्रीय जनसंचार दल की केशकली को बैटरी टार्च, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के गिरन सिंह को बॉसुरी, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के नंदकिशोर को फलों से युक्त टोकरी, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के पन्ना लाल त्रिपाठी एड. को गुब्बारा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पंकज मौर्य (कुशवाहा) को आरी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के आर.बी. प्रजापति (राजा भइया) पूर्व आईएएस को शेर प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया है। इसी तरह निर्दलीय अभ्यर्थियों में फिरोज खान को बल्लेबाज, बिटइया अहिरवार को अलमारी, लक्ष्मी प्रसाद को चक्की और पेंटर सुनमान सिंह लोधी को कड़ाही चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

## सुविधा पोर्टल के जरिए प्राप्त कर सकते हैं अनुमतियां

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत सुविधा पोर्टल स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखने और सभी को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित एक तकनीकी व्यवस्था है। सुविधा पोर्टल ने चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से अनुमति और सुविधाओं के आवेदन प्राप्त करने और उन पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया को बेहद सुव्यवस्थित बना दिया है। चुनाव अवधि के महत्व को देखते हुए, जहां पार्टियां और उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए निरंतर गतिविधियों में संलग्न होते हैं, वहां सुविधा पोर्टल फर्स्ट इन फर्स्ट आउट सिद्धांत पर पारदर्शी रूप से विभिन्न प्रकार के अनुमति आवेदनों का त्वरित निवारण करता है। इस पोर्टल के जरिये रैलियों के आयोजन, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, घर-घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट देने सहित पर्चे बांटने की अनुमति भी दी जाती है सुविधा पोर्टल के माध्यम से राजनीतिक दल और उम्मीदवार किसी भी समय, कहीं से भी अनुमति आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सभी हितधारकों को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ऑफलाइन सबमिशन का विकल्प भी उपलब्ध है। सुविधा का एक सहयोगी ऐप भी है, जो आवेदकों को वास्तविक समय में उनके आवेदनों की स्थिति को ट्रैक करने में सक्षम बनाता है। इससे प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता आती है। यह ऐप आईओएस और एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। सुविधा प्लेटफॉर्म न केवल चुनाव प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाता है, बल्कि आवेदनों के निराकरण की समय-सीमा पर नजर रखने, स्थिति अपडेट और एसएमएस के माध्यम से संचार प्रदान करके पारदर्शिता भी सुनिश्चित करता है। इसके अलावा इस पोर्टल पर उपलब्ध अनुमतियों का डेटा, चुनाव व्यय की जांच के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में भी कार्य करता है।

## कांगेस के वरिष्ठ नेता बाला प्रसाद लोधी सहित आधा दर्जन कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय भावना एवं पन्ना जिले में हो रहे विकास कार्य से प्रेरित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाला प्रसाद लोधी सहित दर्जनभर कांग्रेसी पदाधिकारी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सासंद विष्णुदत्त शर्मा एवं पूर्व मंत्री विधायक बृजेन्द्र प्रताप के हांथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में धरमपुर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप लोधी पंचमपुर, रामधनी नैकाइन उप सरपंच नारायणपुर, ललित कुमार परगवापुरवा ब्लाक महामंत्री, महिपाल प्रजापति नरदहा पूर्व ब्लॉक जनपद पंचायत महामंत्री, भईयाराम मगरदहा ब्लॉक उपाध्यक्ष, बबलू अहिरवार




ब्लॉक उपाध्यक्ष, मनोज प्रजापति नारायणपुर सचिव, वीरेन्द्र कुमार सेन पंचमपुर सेक्टर अध्यक्ष, लवकेश गुलाबीपुर महामंत्री, प्रमोद कुमार प्यारी महामंत्री, हरिसिंह दानीकापुरवा महामंत्री, राजकरण लामी महामंत्री, राघवेन्द्र सिंह अंगड़बाबा सचिव, जयन्द्र सिंह पयारी महामंत्री, रामकृपाल सेन सिद्धपुर महामंत्री रामप्रसाद पंचमपुर सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

# ग्रामीण मरीजों ने कहा : बक्सवाहा स्वास्थ्य केंद्र को है सबसे पहले इलाज की जरूरत

**आये दिन मरीजों को डॉक्टरों के इंतजार में शाम तक बैठने के बाद बिना इलाज के लौटना पड़ता**

**तहसीलदार ने बताया कि मरीजों की सूचना मिलने पर मैने भी मौके पर जाके देखा, तो डॉक्टर स्टाफ कोई नही मिला ताला लगा था, बी एमओ को नोटिस जारी किया गया**



हरिभूमि न्यूज,बक्सवाहा।

जिले से लगभग 100 किलोमीटर दूर बक्सवाहा में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बदहाल हो चुकी हैं। मानो ऐसा लग रहा है कि बक्सवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ही इलाज की जरूरत है। शासन मरीजों के इलाज को बेहतर बनाने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है, लेकिन अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर होने के बावजूद भी अस्पताल में कोई नही मिलता। जिससे दूर- दराज से इलाज को आने वाले मरीजों को कई बार डॉक्टर के इंतजार में सुबह से शाम हो जाती है, और फिर अपना इलाज कराए बिना ही वापस अपने घर जाना पड़ता है।

**बक्सवाहा ब्लॉक के लगभग 121 गांव सिर्फ एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भरोसे है** – बक्सवाहा स्वास्थ्य केंद्र में 121 गांव के लोगों को इलाज देने का जिम्मा है, लेकिन यहां पर बेपटरी हो चुकी स्वास्थ्य सेवाओं के चलते मरीजों को सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ व सुविधाओं की कमी से मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को इलाज के लिए दमोह 50 किलोमीटर, सागर 80 किलोमीटर और छतरपुर 100 किलोमीटर जाना पड़ता है। कई बार पत्राचार के माध्यम से भी अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन आज भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था चरमरानी हुई है। जिसका खामियाजा दूर दराज गांव से आ रहे मरीजों को उठाना पड़ रहा है। मरीजों को समय पर इलाज ना मिलने पर कई बार इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। दूरदराज से आए मरीजों को इलाज ना मिलने पर मायूस होकर अपने घर या जिले में जाना पड़ता है। पैसे के अभाव में कई मरीज अपने घर वापस चले जाते हैं, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों को इसका कोई फर्क नहीं पड़ता। डॉक्टर के 6 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 5 पुरुष 1 महिला डॉक्टर का है। वर्तमान में यहां 3 पुरुष डॉक्टर एवं एक महिला डॉक्टर पदस्थ हैं।

**दूर दराज से आए मरीजों ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टर नही मिलने से मजबूरी में जाना पड़ता झोलाछाप डॉक्टर को दिखाने** – हरिराम सिंह लोधी ने बताया कि मैं कई बार अपने परिवार के सदस्यों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आया, लेकिन मुझे आज तक कोई भी डॉक्टर नहीं मिला। जिसके बाद मुझे अपने परिवार का इलाज प्राइवेट डॉक्टरों से मजबूरी में कराना पड़ता है।

बक्सवाहा के थाना मे पदस्थ प्रधान आरक्षक विजय कुमार ने बताया कि जब हमारी तबीयत खराब हुई तो मैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गया। जहां कोई भी डॉक्टर और स्टॉप मौजूद नहीं मिला। विजय कुमार को ड्यूटी के दौरान अचानक चक्कर आ गये, जिससे वो बही गिर गये। बकस्वाहा थाने का पूरा स्टाप उन्हे लेकर सामुदायिक केन्द्र पहुंचा, लेकिन वहां डॉक्टर और स्टाफ के चेंबरों में ताले लटके नजर आ रहे थे। वहां देखा गया की बड़ी संख्या में दूर दराज से आए मरीज अपने इलाज के लिए डॉक्टरो की आश में बैठे हुए थे, लेकिन स्वस्थ केन्द्र का एक भी डॉक्टर और स्टाप मौजूद नही था।

**मरीजों के आरोप : कभी डॉक्टर मिल भी जाएं, तो अस्पताल की निशुल्क दबा नही लिखते** – दूर दराज क्षेत्रों से आए मरीजों ने आरोप लगाए कि अगर कभी अस्पताल में डॉक्टर मिल भी जाएं, तो हमें अस्पताल से मिलने वाली निशुल्क दबा नहीं मिल पाती है, और अस्पतालों में बैठे दलाल और डॉक्टर बोल देते हैं कि अभी स्टाफ नहीं है। मेडिकल से दवा खरीद लो, तब हम लोगों को मजबूरी बस महंगे दामों में मेडिकल की दवा खरीदना पड़ती है। शासन के द्वारा दी जाने वाली अस्पतालों की निशुल्क दवाइयां जब मरीजों को नही मिलती है, तो कहां जा रही हैं, यह एक प्रश्न चिन्ह है?

**अस्पताल के समय डॉक्टर अपने अपने क्वार्टर में शुल्क लेकर देखते मरीज के आरोप लग रहे** –सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत खराब होने की सबसे बड़ी वजह है, यहां के डॉक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ना बैठकर अस्पताल के समय प्राइवेट क्लीनिक पर शुल्क लेकर मरीज देखते है। अस्पताल से वेतन पाने वाले डॉक्टर मनमर्जी से अस्पताल आकर, या हाजिरी रजिस्टर क्वार्टर पर मंगा कर हस्ताक्षर करते है। डॉक्टर क्वार्टर पर देखते समय मरीजों का इलाज करते हैं, तो सरकारी कोटे की दवा ना देकर प्राइवेट मेडिकल की महंगी दवाइयां लिखते है। जिसका महंगा वोझ लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है। सामुदायिक केन्द्र मे डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल न होने की शिकायत मरीजों ने तहसीलदार भरत पांडेय से की। तत्काल मौके पर अस्पताल पहुंचे तहसीलदार को कोई नही मिला। तहसीलदार ने बकस्वाहा मे पदस्थ डॉक्टर खण्ड चिकित्सा अधिकारी रविराज को फोन लगाकर फटकार लगाई, थोडी देर बाद ड्यूटी मे तैनात कर्मचारियों का आना प्रारंभ हुआ और मौके पर उपस्थित मरीजों का इलाज प्रारंभ हो सका।

### इनका कहना है

बीते दिनों मैं जबलपुर जा रहा था, तभी बक्सवाहा अस्पताल गया था। काफी हद तक वहां की व्यवस्थाएं सही मिली थी। कुछ दवाइयां ऐसी होती हैं, जो अस्पताल में नहीं रहती हैं। उन्हें डॉक्टर बाहर की लिखते हैं। अगर डॉक्टर अस्पताल में नहीं मिलते हैं, तो उनकी जांच कराकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।


**डॉ आरपी गुप्ता, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग, छतरपुर**

मरीजों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई थी कि स्वास्थ्य केन्द्र में ताले लगे है, मैने आ कर देखा तो सच मे ताले लगे थे। इस संबध मे बकस्वाहा में पदस्थ बीएमओ को नोटिस जारी कर जबाब मांगा जायेगा और कार्यवाही के लिये वरिष्ठ अधिकारीयों को लिखा जायेगा।

**भरत पांडेय**
**तहसीलदार, बकस्वाहा**

---

### खबर संक्षेप



## कुएं में गिरा कई जानवरों को मौत के घाट उतारने वाला तेंदुआ

**खजुराहो।** नगर के समीपी ग्राम बेनीगंज के ग्रामीण पिछले लगभग 5 दिनों से एक तेंदुए की दहशत में जी रहे थे। गांव में तेंदुए की चहल कदमी और जानवरों के शिकार के कारण लोग घर से निकलने में भी डर रहे थे। ग्रामीण कई बार वन विभाग को सूचना दे चुके थे लेकिन वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। मंगलवार की सुबह उक्त तेंदुआ गांव के एक कुंए में गिर गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पन्ना से आई रेस्क्यू टीम ने तेंदुए को कुंए से बाहर निकालकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। बेनीगंज के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 5 दिनों से गांव में तेंदुए की चहल कदमी थी, जिस कारण से पूरा गांव में दहशत था। तेंदुए ने लोगों के कई पालतू जानवरों को अपना शिकार बना लिया था इसलिए दहशत और अधिक बढ़ गई थी। मंगलवार की सुबह तेंदुआ गांव के एक कुंए में गिर गया, जिसके बाद वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 5 दिनों में तेंदुए ने कई पालतू जानवरों का शिकार किया है, जिससे लोगों को काफी हानी हुई है। पहले दिन से ही वन विभाग को तेंदुआ होने की सूचना दी जा रही थी लेकिन वन विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की। गनीमत रही कि तेंदुए ने किसी इंसान को अपना शिकार नहीं बनाया। ग्रामीणों में वन विभाग द्वारा की गई लापरवाही को लेकर काफी नाराजगी है, लेकिन तेंदुए के पकड़े जाने के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## किराए के मकान में चल रहा था सट्टे का कारोबार



**छतरपुर।** जिले के नौगांव कस्बे में चल रहे आईपीएल सट्टा की सूचना की सूचना मिलने के बाद बीती रात पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 5 सटोरियों को दबोचने की कार्यवाही की है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 38 हजार रुपए की नगदी, 5 मोबाइल, सिम, एटीएम कार्ड सहित एक एलईडी टीवी जप्त की है। बताया गया है कि पकड़े गए सटोरिए एक किराए के भवन में अपना काला कारोबार संचालित कर रहे थे। नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश में अवैधानिक गतिविधियों की निगरानी करते हुए कार्यवाही की जा रही है, उसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर बीती रात नगर की वीरेन्द्र कालोनी में स्थित एक मकान से सुभाष राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम पुतरया, नरेन्द्र यादव उम्र 49 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 2 संजय दाल मिल के पास नौगांव, रामकुमार पटैरिया उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नैगुंवा, काशी राजपूत उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम नैगुंवा और अरुण उर्फ आनंद यादव उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 2 वीरेन्द्र कालोनी को सट्टा लगाते हुए पकड़ा गया है। जप्त मोबाइलों की जांच करने पर सट्टा वेबसाईट लॉगिन पाई गईं। लिंक के संबंध में पूछताछ करने पर प्रदीप नायक उम्र 32 वर्ष निवासी नौगांव का नाम सामने आया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## पार्किंग की समस्या

**नौगांव।** शहर के ईशानगर चौराहे से बुंदेलखंड पेट्रोल पंप के मध्य में राष्ट्रीयकृत एवं प्राइवेट सहित 9 से अधिक बैंक संस्थान संचालित है। लेकिन किसी भी बैंक के पास स्वयं की अथवा व्यवस्थित पार्किंग सुविधा नहीं है। जिसके चलते ग्राहकों के सड़क पर वाहन पार्क करने से प्रतिदिन जाम की समस्या हो जाती है। शहर के छतरपुर रोड पर ईशानगर चौराहे से एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, श्रीराम फाइनेंस, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस, मणप्पुरम फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा फाइनेंस सहित अन्य बैंकिंग एवं फाइनेंस कंपनियों के कार्यालय संचालित है। इन बैंकों में प्रतिदिन हजारों की तादाद में जमा निकासी, किस्त जमा करने, बीमा की प्रीमियम सहित अन्य लेनदेन करने के लिए लोग आते हैं।

---

# बस स्टेण्ड पर फायरिंग करने वालों का पुलिस ने जुलूस निकाला

**एसपी ने दी चेतावनी, तमंचेबाजों पर होगी कड़ी कार्यवाही**

छतरपुर।



सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के बस स्टैंड पर सोमवार की देर शाम एक बार फिर बस कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढने पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हवाई फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने हवाई फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर कुल 6 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है, जिनमें से 3 गिरफ्तार हो चुके हैं और शेष की तलाश जारी है। मंगलवार की शाम को पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने मीडिया से बात करते हुए यह चेतावनी भी दी कि जल्द ही ऐसे तमंचेबाजों और बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी। बस स्टेण्ड पर बगैर परमिट के चल रहे यात्री बसों के संचालन की जांच भी कराई जाएगी। मोहम्मद रियाज मंसूरी पिता मोहम्मद नजीर मंसूरी, उम्र 34 वर्ष, निवासी मनिहारी मोहल्ला छतरपुर ने बताया कि वह विगत शाम के करीब 6 अपने दिल्ली ट्रैवल्स बस के ऑफिस के बाहर बैठा था तभी ऑफिस के सामने रोड पर एक डीलक्स मोटरसाईकिल रुकी जिस पर पीयूष पुत्र महेश वर्मा, उम्र 18 वर्ष, निवासी टौरिया मोहल्ला, गौतम पुत्र रामभोले उर्फ नरेन्द्र पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी विश्वनाथ कालोनी और एक 17 वर्षीय नाबालिग सवार था। तीनों ने बस बुकिंग की बात को लेकर रियाज को गालियां देना शुरु कर दिया। इसी बीच एक स्कूटी आई जिस पर यश पुत्र रामेश्वर यादव, निवासी विश्वनाथ कालोनी, तौसीफ उर्फ जुल्फी पुत्र निसार खान, निवासी टौरिया मोहल्ला और मास्टर उर्फ संदीप पुत्र सुम्मेरा मलिक, निवासी नई बस्ती टौरिया मोहल्ला सवार था। जब रियाज ने उन्हें गालियां देने से मना किया तो तौशीफ खान ने कट्टे निकालकर फायर कर दिया। कट्टे की गोली रियाज के बगल से निकल गई। जब आरोपी भागने लगे तो मौके पर मौजूद संदीप रैकवार और अमित खटीक ने पीयूष वर्मा, गौतम पटेल और उसके नाबालिग साथी को पकड़ लिया, जबकि अन्य तीन भाग गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, पकड़े गए लड़कों को अपने साथ थाने ले गई। रात करीब 9 बजे कोतवाली थाना में 6 नामजद अरोपियों पर धारा 307, 294, 34 आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा, खाली कारतूस और हीरो सी.डी. डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 16 एमजी 9662 जप्त की है। साथ ही फरार आरोपियों कि शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम उद्घोषित किया गया है। मंगलवार की शाम को पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

### इनका कहना है

बस स्टैंड पर दिल्ली की बस बुकिंग को लेकर हुए विवाद में हवाई फायरिंग हुई है। 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। फरियादी की शिकायत पर 6 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।


**अरविंद कुजूर, थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली**

---

## ट्रक से टकराई तेज रफ्तार स्कूटी

# 3 युवकों की दर्दनाक मौत

बमीठा।



बमीठा थाना क्षेत्र की चंद्रनगर चौकी क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात छतरपुर से पन्ना की ओर जा रहे तेज रफ्तार स्कूटी सवार तीन युवक टौरिया टेक के समीप एक ट्रक से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी पर सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर उनकी शिनाख्त कराई है। क्षतिग्रस्त स्कूटी से पुलिस को कुछ नशीले पदार्थ मिले हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीनों मृतक सुनील रैकवार (25 वर्ष), नीरज उर्फ गोलू रैकवार (17 वर्ष) एवं लक्ष्मण कुशवाहा (25 वर्ष) पन्ना शहर के नारंगीबाग पुरूषोत्तमपुर के निवासी हैं, जो रात करीब डेढ़ बजे काले रंग की स्कूटी पर सवार होकर छतरपुर से पन्ना जा रहे थे। इसी बीच टौरियाटेक के समीप उनकी स्कूटी ट्रक क्रमांक एमपी 16 एच 1408 से टकरा गई। चूंकि घटना के वक्त स्कूटी तेज रफ्तार में थी, जिस कारण से तीनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि ट्रक चालक चाय पीने के लिए ढाबे पर रुक रहा था और ट्रक को साईड में लगा रहा था तभी स्कूटी, ट्रक से टकराई। ढाबा संचालक ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर उनके परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि युवकों की क्षतिग्रस्त स्कूटी से नशीले पदार्थ मिले हैं, जिससे आशंका है कि घटना के वक्त मृतक नशे में थे। मंगलवार की सुबह पुलिस अधीक्षक अगम जैन भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बमीठा पुलिस को मामले की विवेचना करने के निर्देश दिए हैं।

### इनका कहना है

चंद्रनगर चौकी क्षेत्र में टौरियाटेक के समीप दुर्घटना हुई है। स्कूटी पर सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी, तीनों पन्ना जिले के रहने वाले हैं। बमीठा पुलिस को मामले की विवेचना करने और संबंधित मार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अगम जैन पुलिस अधीक्षक, छतरपुर**

---



## एनटीपीसी-विंध्याचल को 32वीं कारपोरेट कम्यूनिकेशन मीट, 2024 में दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

**सिंगरौली।** देश के सर्वाधिक विद्युत उत्पादन क्षमता वाले एनटीपीसी के विंध्याचल परियोजना ने एक बार फिर पुरस्कारों की झड़ी लगाते हुए एक नया आयाम स्थापित किया है। विंध्याचल ने नैगम सम्प्रेषण एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कारपोरेट स्तर के अलग-अलग कैटेगरी के दो पुरस्कार प्राप्त कर अपना परचम लहराया है। दिनांक 7 और 8 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित दो-दिवसीय 32वीं कारपोरेट कम्यूनिकेशन मीट में एनटीपीसी-विंध्याचल को फीचर स्टोरी गोल्ड (प्रथम) और लघु फिल्म कांस्य (द्वितीय) अवार्ड से पुरस्कार से नवाजा गया। कारपोरेट कम्यूनिकेशन मीट के उदघाटन सत्र के दौरान कारपोरेट स्तर के अलग-अलग कैटेगरी के पुरस्कारों की घोषणा की गई। एनटीपीसी-विंध्याचल को अलग-अलग कैटेगरी में दो पुरस्कार हासिल हुए। यह पुरस्कार मुख्य अतिथि निदेशक(मानव संसाधन) श्री दिलीप कुमार पटेल, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) श्री एन एस राव, कार्यकरी निदेशक (नैगम संचार) श्री हरजीत सिंह, महाप्रबंधक(नैगम संचार) श्री के एम प्रशांत एवं क्षेत्रीय विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) श्री ए के डांग के कर-कमलों से एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना की ओर से कार्यपालक(नैगम संचार) सुश्री शिक्षा गुप्ता ने प्राप्त किया। लखनऊ में दो-दिवसीय 32वीं कारपोरेट कम्यूनिकेशन मीट आयोजित की गई, जिसमें एनटीपीसी स्तर पर देशभर के संयंत्रो, संयुक्त उपक्रमों सहित पनविद्युत परियोजनाओं के नैगम सम्प्रेषण अधिकारियों ने भाग लिया। इस दो-दिवसीय कार्यक्रम के दौरान नैगम सम्प्रेषण एवं जनसम्पर्क की विभिन्न चुनौतियों एवं इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान नैगम सम्प्रेषण एवं जनसम्पर्क के विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग विषयों पर अपने विचार एवं प्रस्तुतिया दी गईं। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी कारपोरेट कम्यूनिकेशन की अलग-अलग कैटेगरी के लिए विभिन्न परियोजनाओं को पुरस्कारों की घोषणा की गई।

---



## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन ही मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**छतरपुर।** मंगलवार को नव संवत्सर (हिंदु नववर्ष) के पहले दिन यानि कि चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस शहर के तमाम मंदिरों में आस्था का सैलाब देखने को मिला। सभी मंदिरों में सुबह 4 बजे से पूजा-अर्चना का दौरान शुरु हो गया था, जो दोपहर तक चलता रहा। शहर के महोबा रोड पर मौजूद ग्राम हमा में स्थित सिद्धपीठ माँ काली देवी मंदिर और खेरे की देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में देवी मां के भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। **माँ काली देवी मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब-** मंदिर के पुजारी पं. राजकुमार गोस्वामी ने बताया कि वैसे तो पूरे वर्ष मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रहती है लेकिन नवरात्रि के नौ दिनों में भक्तों की संख्या में अधिक होती है। मंगलवार से शुरु हुए चैत्र नवरात्रि के पहले दिन हजारों की संख्या में देवी मां के भक्त पूजा-अर्चना करने पहुंचे। सुबह से ही देवी मां की आराधना का दौर शुरु हो गया था।

---

# बाजार से घर जा रहे दंपत्ति हुए सड़क दुर्घटना का शिकार

**इलाज के दौरान पत्नी की मौत, पति का उपचार जारी**

छतरपुर।



बीती रात करीब 12 बजे एक दंपत्ति बाजार से अपने घर जा रहे थे तभी रास्ते में ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों घायल हुए थे, जिन्हें राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई है, जबकि पति का इलाज अभी जारी है। महिला का पोस्टमार्टम मंगलवार को सुबह से किया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम सौंरा का रहने वाला संजय कोचर अपनी पत्नी उर्वशी के साथ किसी काम से बाजार आया हुआ था। काम निपटाने के बाद जब वे वापिस अपने घर सौंरा जा रहे थे तभी फोरलेन पर वाटर पार्क के नजदीक किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में संजय और उर्वशी दोनों बुरी तरह घायल हो गए थे। राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में रात को इलाज के दौरान उर्वशी ने दम तोड़ दिया, जबकि उसके पति संजय का इलाज अभी जारी है। मंगलवार की सुबह उर्वशी का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहां ओरछा रोड थाना पुलिस ने घटना को संज्ञान में लेकर मामले की विवेचना शुरु कर दी है।

**खबर संक्षेप**

## त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिले की ऐसी विधानसभा जहां 2023 के निर्वाचन में 30 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था उन मतदान केन्द्रों में बीएलओ की बैठक विधानसभावार आयोजित की जा रही है। स्वीप नोडल डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक 10 अप्रैल को आयोजित की गयी है। बैठक में स्वीप नोडल एवं सहायक स्वीप नोडल उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभी तक किये गये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं आगामी दिनों में किये जाने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की समीक्षा की जायेगी।

## मतदान दल के अधिकारियों एवं माइक्रो आब्र्जवर का द्वितीय रेण्डमाइजेशन आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन तथा माइक्रो आब्र्जवर का द्वितीय रेण्डमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में आज 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट के एनआईसी में किया जायेगा।

## सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में निर्वाचन संबंधी बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में आज 10 अप्रैल को कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में प्रातः 11 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## प्रचार रथ से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



**रीवा।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किये गये आयोजित

# आओ अपना बूथ सजाएं कार्यक्रम का जिले भर में हुआ आयोजन

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल अधिकारी स्वीप तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले के सभी 2014 मतदान केन्द्रों में आज 9 अप्रैल को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। आओ अपना बूथ सजाएं कार्यक्रम आयोजित करके प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बीएलओ तथा स्थानीय कर्मचारियों के माध्यम से मतदान केन्द्रों की साफ-सफाई कराकर मतदान केन्द्र की दीवारों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखे गये साथ ही मतदान केन्द्र में मतदान की तिथि तथा निर्वाचन से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के मोबाइल नम्बर अंकित किए गये। इस दौरान दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या के साथ-साथ उन्हें मतदान के लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधाओं की जानकारी भी दी गयी। मतदान केन्द्रों में संबंधित सहायक रिटर्निंग आफीसरों ने अपने-अपने क्षेत्र के केन्द्रों में भ्रमण कर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करवाये। मतदाता जागरूकता के तहत दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, रैली, सभा






तथा मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए आमंत्रित करने संबंधित कार्यक्रम आयोजित कराये गये।
आओ अपना बूथ सजाएं कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत पटेहरा, बगड़ा, उमरी माधव में मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली एवं पेंटिंग बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामवासियों को जागरूकता रैली निकालकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मनगवां अन्तर्गत फूल, पन्नी, जनेह, सहेबा, डभौरा बस्ती, तिलया, बरहदी, अल्हवा खुर्द, नाउनकला, मझिगवां, नाउनखुर्द, सेमरी नं.1 एवं पिपरा नं. 2, गोदहा, ओबरा, बरा, गाढ़ा 234, मलैगवां 203 एवं 204, जमुई, फरहदा, देवगांव, चोरगड़ी, खुझ, रामनई, भलुहा, हरदोली, सुरसाखुर्द एवं रौराउन्मूलन में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन




कर मतदान केन्द्रों को सजाया गया तथा उनकी साफ-सफाई भी की गयी। इसी क्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र जवा अन्तर्गत मतदान केन्द्र एवं नगर परिषद सिरमौर, गुढ़, हनुमना, मऊगंज व सेमरिया के मतदान केन्द्रों में आओ अपना बूथ सजाएं कार्यक्रम आयोजित किये गये। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गत रात्रि नगर परिषद सिरमौर में एक शाम मतदाता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ. एसडी सिद्दीकी ने उपस्थित जनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई तथा लोगों से अपील की कि आगामी 26 अप्रैल को सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोक गायकों ने मतदाता जागरूकता गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# ज्ञानस्थली विघालय में बच्चों को पठानी सूट, हिजाब पहनाकर करवाया जा रहा था ईद का कार्यक्रम

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जताया विरोध

**रीवा।** सिरमौर चौराहे स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में पढ़ने बाले बच्चो को मैसेज भेजकर बच्चो को हिजाब ,कुर्ता पैजामा, जैकेट्स, टोपी पहनकर बुलाया गया था जिस पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओ को जानकरी मिलने पर बिद्यालय परिसर में पहुंचे जहां पर देखा कि विद्यालय परिसर में नर्सरी क्लास के कुछ बच्चे हिजाब टोपी पहनकर स्कूल आ रहे थे बच्चों से पूछने पर जानकारी मिली कि स्कूल प्रशासन द्वारा इस तरह के कपड़े पहनने की छूट आज दी गई और बच्चों के द्वारा बताया गया कि आज विद्यालय में ईद का कार्यक्रम मनाया जाएगा। संगठन के द्वारा स्कूल प्रशासन से तुरंत बात की गई जिसमें पहले तो स्कूल प्रशासन द्वारा गोल-मोल जवाब दिया गया लेकिन संगठन द्वारा स्कूल प्रशासन द्वारा भेजे गए मैसेज को जिसमें स्पष्ट रूप से टोपी हिजाब पहनने की छूट थी दिखाया गया तब स्कूल प्रशासन ने अपनी गलती स्वीकार की वही स्कूल प्रशासन द्वारा यह आश्वासन





दिया गया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना नहीं होगी विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री द्वारा बताया गया की हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के आज से प्रारंभ किया हो रहा है और विद्यालय प्रशासन द्वारा पर ईद का कार्यक्रम करना बिल्कुल भी उचित नहीं है । जबकि विद्यालय में 95 हिन्दू बच्चे है और उनको मदरसा जैसे तामीली शिक्षा दी जा रही है जो कतई सही नहीं है विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधि दोवारा पाई तो उग्र विरोध होगा और विधालय की मान्यता निरस्त करवाने के लिए बाध्य होगा।

# विकास के नाम पर लीपापोती के आरोप

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा सीवर लाइन निर्माण कार्य

**रीवा।** जिले के जानीमानी विंध्य बिहार कालोनी में सीवर लाइन बनाने वाले ठेकेदार ने कालोनी के रोड की ये हालत कर दी है की रोड से चार पहिया वाहन निकलना बड़ी मुस्किल काम है कब किसकी गाड़ी गड्ढे में समा जाए जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। वार्डवासियों का कहना है कि पहले सीवर लाइन की पाइप लाइन डालने के लिए सीमेंट सड़क को खोदा गया था। सड़कों की अभी तक मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। अब चैंबर बनाने के लिए दोबारा सड़क को बीच में से खोद दिया गया। चैंबर बनाने के बाद मलबे को अभी तक नहीं हटाया है। सीवर लाइन बनाने वाले ठेकेदार ने सीवर लाइन की पाइप तो डाल दी पर अच्छी खासी रोड के चिथड़े उड़ा दिए कालोनी में रहने वाले निवासियों की यह हालत है की वो अपने वाहन लेकर कालोनी से बाहर निकलने में कई घंटे तक जूझना पड़ता है वही इस संबंध में जब विंध्य बिहार कॉलोनी में ही रहने वाले एक स्थानीय आम आदमी सिविल लाइन के काम करने वाली सहज कंट्रक्शन कंपनी के एक कर्मचारी बात की तो उनका कहना है कि रोड वनाने का काम मेरा नही है ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर रोड बनाएगा कौन ? वही स्थानीय लोगो का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम का कोई भी कर्मचारी



अधिकारी कभी भी देखने तक नही आएं बरसात में घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाएगा।

**इनका कहना है**

इस मामले की जानकारी आपके माध्यम से प्राप्त हुई है जल्द ही कंपनी को निर्देशित कर सुधार कार्य कराया जाएगा जिससे लोगों को आने-जाने में समस्या ना आए।

**यस एल दाहयक, कार्यपालक यंत्री नगर निगम रीवा**

## कलेक्टर ने 4 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा !** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 4 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। आदतन अपराधियों को बार-बार समझाइश के बावजूद इनके आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने शंखधर शुक्ला उर्फ शंखू निवासी कपसा, अरूण साकेत उर्फ रिंकू निवासी खैरी नईबस्ती चोरहटा, शाहरूख मंसूरी उर्फ शाहरूख तमंचा निवासी पुलिस चौकी के बगल में घोघर तथा जनार्दन कोल निवासी गोधनसिंह जनेह को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है।




## आओ अपना बूथ सजाने कार्यक्रम के अंतर्गत वेटरनरी कॉलेज मे विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**रीवा ।** जिला प्रशासन रीवा के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता का नूतन प्रयास जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा एवं सीईओ रीवा के निर्देशानुसार आओ अपना बूथ सजाने कार्यक्रम के अंतर्गत वेटरनरी कॉलेज वार्ड क्रमांक 45 रीवा मे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान केंद्र में मतदाता जागरूकता नारे का दीवार लेखन, वॉल पेंटिंग रंगोली एवं मतदाता जागरूकता शपथ , मतदान के महत्व पर परिचर्चा आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में वेटरनरी कॉलेज के डीन अंजनी मिश्रा, सेक्टर ऑफिसर यस के श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह, विशाल शुक्ला एवं बाग के सदस्य रानी साकेत ,शीतल कुशवाहा देवेंद्र पटेल अंकिता कुशवाहा, रोहित कुशवाहा सहित मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की ।

### बॉलीवुड गायक जतिन उदासी की प्रस्तुतियों से झूमें

# झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड पर शास्त्रीय एवं आधुनिक पॉप संगीत ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड्र के अवसर पर सुहिणां सिंधी ग्रुप द्वारा सिंधयतजी शाम कटनी में ही जन्मे बॉलीवुड गायक जतिन उदासी के गीतों के साथ संपन्न हुआ। जतिन उदासी कटनी के गौरव बालक मंडली के गोवर्धन उदासी के सुपुत्र है, जैसे ही जतिन उदासी स्टेज पर आये तो सारे दर्शकों ने उठकर करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। अपने लाड़ले के प्रति इतना प्यार जताया कि जतिन उदासी के साथ झूम उठे।

जतिन उदासी जो गीत-संगीत में एक उभरता सितारा है उनके गीत था संगीत में आधुनिक पॉप संगीत तथा शास्त्रीय संगीत का मिश्रण रहा है।



पुराने गीतों को नई शैली में प्रस्तुति उनकी काबिले ...... रही। उनके द्वारा झूलेलाल के गीतों के एक अस्मरणीय प्रस्तुति रही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री झूलेलाल जी की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्जवलित किया गया है। प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा, श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 4000 रही है जिसके बैठने की व्यवस्था तथा वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुंहिणा सिंधी गुरप द्वारा बड़े ही अच्छे ढंग से की गई, जिससे किसी को परेशानी नहीं हुई।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत अध्यक्ष मोहन बत्रा, अशोक चेलानी, गोविंद सचदेवा, अमृत तनवानी, अमर चेतवानी, अशोक रोहरा, नेबंदराम खूबचंदानी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जियंदराय पंजवानी, मनोहर बजाज, प्रकाश आहूजा, पंकज आहूजा, राजेश खूबचंदानी, देवानंद आसरानी, डॉ. राजकुमार नागवानी, हीरानंद सहजवानी, अजय गेई, मनीष गेई, मेघराज खूबचंदानी, प्रेम बत्रा, अशोक रीझवानी, मनोहर उधवानी, बलराम गिदवानी, पीताम्बर टोपनानी, सिद्धार्थ जायसवाल, अवकाश जायसवाल, राजकुमार माखीजा, गोविंद चावला, मौसूफ अहमद बिट्टू, मोहनलाल पारेचा, अशोक मोहनानी, गौरव मोहनानी, राजा जगवानी, लक्ष्मण आसरानी, अशोक आहूजा, रूपेश खूबचंदानी, दिनेश जसवानी आदि मौजूद रहे।

## दस्तावेज नहीं होने से एक लाख रूपए जब्त

**कटनी।** सोमवार को थाना स्लीमनाबाद क्षेत्र में संचालित एसएसटी नाका ग्राम छपरा मे सघन वाहन चेकिंग के दौरान के वाहन क्र. एम पी 21 जेड ए 8442 को चेक किया गया जिसमे आनंद मिश्रा पिता उमाकांत मिश्रा उम्र 25 साल निवासी जमुनिया थाना उमरिया पान जिला कटनी पनी गाड़ी के अंदर रखे बैग मे 1 लाख रूपये लिये मिला। जिससे पैसो के सबंध मे आवश्यक दस्तावेज पेश नही किया। जिससे मौके पर समक्ष गवाहन के जप्त किया गया। करवाई में निरीक्षक अखिलेश दाहिया, प्र.आर. तेजप्रकाश सिंह, प्र.आर. अंकित दुबे की महत्वपूर्ण रही ।

## शांति पूर्ण मतदान कराने सुरक्षाबलों ने किया पैदल मार्च

**कटनी।** चुनाव आयोग के सख्त दिशा निर्देश पर लोक तंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न करबाने के उद्देश्य से बड़वारा पुलिस व एस एस बी के सुरक्षा बल के जवानों ने बड़वारा व समीपस्थ संवेदनशील ग्रामों भजिया विलायत कला, बड़वारा , रोहनिया, बसाड़ी, कांटी , मझगवां ग्रामों में पैदल मार्च कर लोगों में मतदान करने के प्रति सुरक्षा का विश्वास दिलाया। भृमण के दौरान लोगों से शांति पूर्ण मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।

### निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए दिलाई गई शपथ

# छात्रों ने रैली निकालकर जागरूकता नारों से मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल के नेतृत्व एवं विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के मार्गदर्शन में विकासखंड कटनी में मतदाता जागरूकता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए सीएमसीएलडीपी परामर्शदाताओं व छात्रों के सहयोग से जागरूकता रैली का आयोजन माधव नगर क्षेत्र में किया गया।




**विद्यालय में रैली का समापन**

रैली का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय से करके समदडिया सिटी, ग्राम पंचायत चौराहा तांगा स्टैंड का भ्रमण करते हुए रैली में शामिल छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु नारे ,सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है लगाकर शहर वासियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक और प्रेरित करते हुए वापस उत्कृष्ट विद्यालय में रैली का समापन किया गया।